प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(दिसंबर, 2017)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. दिनांक 29 दिसंबर, 2017 को लोक सभा में भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईएमसी) के स्थान पर 4 स्वायत्त बोर्डों वाले एक राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के गठन के उद्देश्य से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक प्रस्तुत किया गया।
2. लोक सभा में दंत चिकित्सा रजिस्टर के भाग ख में सदस्य के नामांकन की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु दंत चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 2017 प्रस्तुत किया गया।
3. स्वास्थ्य तथा औषधियों के क्षेत्र में समन्वय स्थापित करने के लिए भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा जन स्वास्थ्य मंत्रालय, क्यूबा द्वारा समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद द्विपक्षीय स्वास्थ्य मुद्दों पर बातचीत हेतु करने माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा महामहिम डॉ. रोबर्टो मोरालेस ओजेडा, जन स्वास्थ्य मंत्री, क्यूबा के बीच दिनांक 6 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।
4. स्वास्थ्य के क्षेत्र में समन्वय हेतु (क) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत तथा स्वास्थ्य मंत्रालय, मोरक्को के बीच एक समझौता-ज्ञापन तथा (ख) टेली मेडिसिन के क्षेत्र में समन्वय हेतु जिपमेर, पुड्डुचेरी, भारत तथा मोरक्को स्थित मराकेच मोहम्मद विश्वविद्यालय अस्पताल के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता करने हेतु माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा महामहिम डॉ. अब्देलकदर अमारा, उपकरण, परिवहन, संभार-तंत्र संसाधन तथा जल मंत्री मोरक्को के बीच दिनांक 14 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक हुई।
5. जापान से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर वार्ता करने के लिए माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जापान में भारतीय राजदूत माननीय सुजान राय चिनोय के बीच 14 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक हुई।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की छठी बैठक सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) की अध्यक्षता में दिनांक 22.12.2017 को निर्माण भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई।
7. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के बीच 16वें समझौता ज्ञापन पर 26 दिसंबर, 2017 को नाको में हस्ताक्षर किए गए।
8. मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि क्लिनिकल ट्रायल 'मार्किटिंग प्रमाणीकरण, पंजीकरण सत्यापन तथा ह्यूमन वैक्सीन के लिए लाइसेंस प्रदान करने के लिए 01.01.2018 से एसयूजीएसएम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
9. भारत में क्षयरोग की उत्तम परिपाटियों के आकलन हेतु सार्क क्षयरोग तथा एचआईवी/एड्स केन्द्र (एसटीएसी) सदस्यों की बैठक 4 दिसंबर, 2017 को आयोजित की गई।
10. सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) ने 12-15 दिसंबर, 2017 को लिलोंगवे, मालावी में मातृत्व , नवजात तथा बाल स्वास्थ्य (पीएमएनसीएच) की 21वीं भागीदारी में भाग लिया।
11. नाको ने 1 दिसंबर, 2017 को विश्व एड्स के अवसर पर जवाहर लाल स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े पैमाने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

12. शैक्षणिक सत्र 2018-19 हेतु 98 स्नातकोत्तर (व्यापक विशेषज्ञता) को मंजूरी दी गई।
13. वर्ष 2018-19 हेतु 1425 एमबीबीएस सीटों के नवीकरण के साथ 15 मेडिकल कालेजों के नवीकरण हेतु वार्षिक नवीकरण कार्यक्रम को मंजूरी दी गई।
14. शैक्षणिक वर्ष 2018-19 हेतु विभिन्न एमडीएस पाठ्यक्रमों हेतु 34 दंत-चिकित्सा कॉलेजों का नवीकरण संबंधी मंजूरी पत्र जारी किए गए।
15. विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा प्रस्तुत किए गए 58 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने वाली अधिसूचना जारी की गई।
16. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत, दिसंबर, 2017 में लगभग 5.72 लाख मोतियांबिंद के ऑपरेशन किए गए तथा स्कूली बच्चों में 2.88 लाख नि:शुल्क चश्मे बांटे गए तथा 8,461 दान किए गए नेत्र एकत्रित किए गए।

******